भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1478
20 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, नई दिल्ली के कंप्यूटर सर्वर पर हमला

1478 श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवम्बर 2022 में अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में कंप्यूटर सर्वर पर हुए हमले से हुए नुकसान का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि इस हमले में हैकर गोपनीय जानकारी चुराने में सफल रहे; और

(ग) इस साइबर हमले के कारण मरीजों को इलाज में हुई असुविधा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): एम्स, नई दिल्ली के पांच सर्वर, जिन पर एनआईसी के ई-हॉस्पिटल एप्लिकेशन को होस्ट किया गया था, साइबर हमले से प्रभावित हुए थे। साइबर हमले के दो सप्ताह बाद ई-हॉस्पिटल एप्लिकेशन के अधिकांश कार्य जैसे रोगी पंजीकरण, समय निर्धारण, भर्ती, डिस्चार्ज आदि को बहाल कर दिया गया था। इस अवधि के दौरान, अस्पताल सेवाएं ऑफ़लाइन/मैन्युअल मोड में प्रदान की गईं।

******